# पाली में कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

पाली/सुमेरपुर , 1 अक्टूबर (वेबवार्ता) । पाली में मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के आगे विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। उसके बाद जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में सुबह कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वहां से रैली के रूप में सभी नारेबाजी करते हुए रवाना हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हर मोर्चे पर भाजपा की सरकार को विफल बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दर्द ने कहा कि पिछले 10 माह में राजस्थान के *हालात बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं। जनता की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है। शहर में सीवरेज, आवारा मवेशियों से लोग परेशान है। नगर परिषद का काम ठप पड़ा है लोगों को पट्?टे नहीं मिल रहे। केशव नगर क्षेत्र की कुछ गलियों में अभी भी बरसाती पानी भरा हुआ है। सीवरेज समस्या हर मोहल्ले में बनी हुई है लेकिन इनसे आमजन को निजात दिलाने को लेकर स्थानी अधिकारी विफल साबित हो रहे है।



इस दौरान उन्होंने जनता की 10 सूत्रीय समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, विधायक भीमराज भाटी, जीवराज बोराणा, मेहबूब टी, नीलम बिड़ला, जबरसिंह राजपुरोहित, भंवर राव, हकीम भाई, प्रकाश सांखला, मोहन हटेला, गोविंद बंजारा, राजूसिंह सोनाईमांझी, रफीक गौरी, आमीन अली रंगरेज सहित कई जने मौजूद रहे। 10 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण फसल खराबें का उचित मुआवजा किसानों को जल्द दिलवाया जाए। प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, महिला एवं नाबालिग बच्चियों के साथ रेप की बढ़ती घटनायें, माफिया राज (खनन माफिया, बजरी माफिया, भू-माफिया) को रोकने के लिए तुरन्त ठोस कार्रवाई की जाए। बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम से भ्रमित करना बंद करें। कांग्रेस सरकार के समय निकाली गई भर्तियों को अपना बता कर झूठी वाहावाही लूटना बंद करें तथा नई नौकरियों की विज्ञप्ति निकालकर नौकरी दी जाएं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, इंदिरा रसोई (अन्नपूर्णा रसोई) आदि को चालू रख बजट देकर और प्रभावी बनाया जाए। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादे की अनुपालना करवा कर हरियाणा के बराबर पेट्रोल-डीजल की कीमतें की जावें जिससे महंगाई कम हो सके। प्रदेश की टूटी एवं बदहाल सड़कों को तुरन्त ठीक कर राहत दी जाए। मुख्यमंत्री अपना भ्रमण, भाषण एवं भ्रमित करने का कार्यक्रम छोड़कर बेलगाम हो रही ब्यूरोक्रेसी पर लगाम लगा कर मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करवा कर जनता की समस्याओं को सुन समझ कर समाधान करें। प्रदेश में भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों के अमर्यादित बयानों पर शीघ्र रोक लगाकर प्रदेश में बिगड़ते भाईचारे को रोकने के लिए कारगर कदम उठायें जावें। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सभी योजनाओं एवं स्वीकृत विकास परियोजनाओं / कार्यों को समीक्षा के नाम पर बंद कर रखा है, उन्हें शीघ्र शुरू करावें। जिससे आमजन को राहत मिल सके। प्रदेश में नवम्बर एवं जनवरी में होने वाले नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों से एक राज्य-एक चुनाव के जुमले से भ्रम की स्थिति को दूर कर शीघ्र समय पर स्वायत्त संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का कार्यक्रम जारी करावे।

# पाली में ट्रेक्टर ट्रॉली से गिरने से महिला की मौत

पाली/सुमेरपुर , 1 अक्टूबर (वेबवार्ता) । पाली में मंगलवार को ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार 20 साल की महिला मजदूर ट्रेक्टर-ट्रॉली गड्डे के कारण असंतुलित होने से ट्रॉली से सिर के बल नीचे गिर गई। हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोट लगी। इलाज के लिए उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाए। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जेतपुर थाने के SHO राजेन्द्रसिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश के कराड़िया (गुणा) निवासी 20 साल की नोताबाई पत्नी मुकेश बंजारा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पिछले कुछ दिनों से वायद गांव में रहकर खेतों में मजदूरी का काम कर रही थी। मंगलवार सुबह 10-12 जने ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार होकर वायद से राखाणा गांव के लिए रवाना हुए। बीच रास्ते गड्डे के कारण ट्रेक्टर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ा जिससे उसमें सवार 20 साल की नोताबाई सिर के बल नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। जिसे तुरंत उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर आए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों से रिपोर्ट लेकर जांच शुरू की।

# 1 अक्टूबर से शुरू हुई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान की शुरुआत

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर (वेब वार्ता)। देश के किसानों के लिए भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा मेरी पॉलिसी मेरे हाथ छठा संस्करण शुरू होने जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत 1 अक्टूबर 2024 से होगी और 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगा।

राष्ट्रव्यापी मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत पूरे देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 4.5 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा पॉलिसी के दस्तावेज़ वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत सभी बीमित किसानों को उनके पॉलिसी दस्तावेज उन्हें उनके हाथों में सौंपे जाएं ताकि उनको उनके फसल बीमा से संबंधित सभी जानकारी पूरी तरह से पारदर्शी हो।

किसानों को जागरूक-प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने का मिशन

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का एक उद्देश्य किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी के प्रति जागरूक करना है ताकि किसानों को बीमा भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। ये अभियान किसानों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए चलाया जा रहा है। जागरूकता बढ़ाने के लिए, भारत सरकार किसानों को प्रशिक्षण देने और उनकी शिकायतों से निपटने के लिए फसल बीमा पाठशालाओं के साथ-साथ फसल बीमा के बारे में कम जागरूकता वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक भी आयोजित करेगी। ये समुदाय-स्तरीय सहभागिताएं किसानों को फसल बीमा के लाभों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगी

किसानों को मिलेगा आर्थिक कवच जलवायु परिवर्तन और अप्रत्याशित मौसम के बदलाव से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है ऐसे में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का उद्देश्य किसानों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना है। जलवायु में उतार-चढ़ाव के कारण अप्रत्याशित जोखिमों और नुकसान को कम करने के लिए फसल बीमा महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसान की आय सुरक्षित रहे और अपनी आजीविका बनाए रखें।

इस साल 9 करोड़ से अधिक किसान आवेदन हुए प्राप्त

खरीफ 2023 में 8.65 करोड़ बीमा आवेदन प्राप्त हुए थे और इस वर्ष 9 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जो कि एक उल्लेखनीय वृद्धि है और यह फसल बीमा योजना में किसानों की बढ़ती रुचि और विश्वास को दर्शाता है।

# त्योहारों से पहले उपराज्यपाल ने कर्फ्यू लगवाया

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। त्योहारों से पहले पुलिस आयुक्त की ओर से धारा 163 लगाने पर आम आदमी पार्टी ने नाराजगी जाहिर की है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली वाले इस फरमान को नहीं मानेंगे।

उन्होंने केंद्र सरकार से तुरंत इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए केंद्र सरकार को उपराज्यपाल का इस्तीफा लेना चाहिए। धारा 163 लागू होने के बाद एक जगह पर पांच या उससे अधिक लोग एकत्रित नहीं हो सकते हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राजधानी में नवरात्र से ठीक पहले यह कर्फ्यू लगाया गया है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में लोग परिवार सहित मंदिरों में दर्शन करने के लिए जाएंगे। सड़कों पर जगह-जगह भंडारे होंगे और विभिन्न कॉलोनियों में जागरण का आयोजन होगा। ऐसे में क्या इन जगहों पर पांच से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे? तीन अक्तूबर से रामलीला शुरू हो रही है। वहां भी भारी संख्या में लोग जुटेंगे। ऐसे में उपराज्यपाल द्वारा निकलवाया गया यह आदेश दिल्ली के लोग नहीं मानेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में पहली बार त्योहार से ठीक पहले इस तरह की रोक लगाई गई है। इसमें तर्क दिया गया है कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव है। स्टैंडिंग कमेटी और डूसू चुनाव चल रहे हैं। दिल्ली में वीवीआईपी मूवमेंट है। सौरभ ने कहा कि यह सभी कारण इस कर्फ्यू लगाने के लिए हास्यास्पद है। दिल्ली में एक तरफ गैंगस्टर हावी हैं। रंगदारी नहीं देने पर लोगों की दुकानों में गोलियां चल रही है। उन्हें काबू करने में उपराज्यपाल के अधीन आने वाली पुलिस नाकाम है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विधायक जब कानून व्यवस्था की खराब हालत को लेकर एलजी से मिलना चाहते हैं तो वह समय नहीं दे रहे। उन्होंने कहा, मुझे लग रहा है कि विधायकों को समय नहीं मिलेगा क्योंकि एलजी के पास गैंगस्टरों पर लगाम लगाने से संबंधित कोई जवाब नहीं है।

# राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ

पाली/सुमेरपुर , 1 अक्टूबर (वेबवार्ता) । पाली में 68वीं राज्य स्तरीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बांगड़ स्टेडियम में सोमवार को हुई। पाली के गर्ल्स और बॉयज टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ इस प्रतियोगिता में शुरुआत की। गर्ल्स टीम ने दौसा और बॉयज टीम ने बूंदी को हरा अगले दौर में प्रवेश किया। मंगलवार को प्रतियोगिता के तहत 16 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य शर्मिला भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शहर के बांगड़ स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पाली विधायक भीमराज भाटी, विशिष्ट अतिथि राहुल राजपुरोहित जिला शिक्षा अधिकारी एवं भूपेंद्र सिंह राठौड़ रहे। मदन पंवार जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भाटी ने कहा- हर स्टूडेंट को अपनी पसंद का कोई न कोई गेम खेलना चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ रहे। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों और खिलाड़ियों के पाली के प्रसिद्ध मिठाई आदि के बारे में भी बताया। इस अवसर पर किसान नेता मदन सिंह जागरवाल, दिलीप कर्मचंदानी, सुनील कुमार चरनाल, धर्मेंद्र पालरिया, श्याम सिंह लखावत शाहिद सहित कई जने मौजूद रहे। 85 टीमें ले रही प्रतियोगिता में हिस्सा शर्मिला भंडारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की 44 टीम के 220 खिलाड़ी एवं छात्रा वर्ग के 41 टीम के 201 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सेंट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन हितेश रामावत एवं अरूण उपाध्याय ने किया। पहले दिन खेले गए मैचों के परिणाम पाली में प्रतियोगिता के तहत सोमवार को खेले गए मैचों में छात्रा वर्ग में अजमेर ने कुचामन को, डूंगरपुर ने सीकर को, बांसवाड़ा ने राजसमंद को एवं पाली ने दौसा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी तरह छात्र वर्ग में बीकानेर ने बालोतरा को,जोधपुर ग्रामीण ने करौली को, पाली ने बूंदी को एवं चूरू ने सलूम्बर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए काम कर रही: राहुल गांधी

सोनीपत, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर संविधान पर हमला करने तथा गरीबों और दलितों की अनदेखी करते हुए देश के कुछ अरबपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार केवल ''कुछ बड़े उद्योगपतियों के हितों की सेवा करने के लिए काम कर रही है'' तथा((गरीबों, दलितों, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए ''कुछ नहीं कर रही।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''यहां आते समय एक व्यक्ति ने मुझे रोका। उसने मुझे बताया कि वह एक छोटा सा व्यवसाय चलाता है। उसने कहा कि मोदी और हरियाणा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया।'' गांधी ने कहा, ''जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि नोटबंदी लागू की गई और गलत जीएसटी लागू किया गया। जब मैंने पूछा कि उन्होंने (सरकार ने) ऐसा क्यों किया तो उसने मुझे बताया कि उन्होंने अडाणी और अंबानी की मदद करने के लिए ऐसा किया।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''हर कोई जानता है कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार दो-तीन अरबपतियों की मदद करने के लिए चल रही है। आपके पास रोजगार के जो भी रास्ते थे, वे बंद कर दिए गए हैं।'' उन्होंने कहा कि पहले छोटे और मध्यम व्यवसाय हरियाणा में



रोजगार पैदा करते थे, लेकिन अब ये बंद हो गए हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि अग्निवीर योजना सैनिकों की पेंशन, कैंटीन की सुविधा और उन्हें मिलने वाले शहीद के दर्जे को ''चुराने'' का एक तरीका है।

उन्होंने कहा कि पहले सार्वजनिक क्षेत्र, सरकारी कारखाने हुआ करते थे, इनका निजीकरण कर दिया गया। गांधी ने कहा कि जहां भी देखो, अडाणी और अंबानी का नाम ही नजर आता है। गांधी ने आरोप लगाया कि जवानों की पेंशन ''चुराने'' के पीछे का मकसद अडाणी जैसी बड़ी कंपनी के पीछे के आदमी गौतम अडाणी को रक्षा बजट सौंपना था। उन्होंने आरोप लगाया कि अडाणी के स्वामित्व वाली एक कंपनी विदेशी कंपनियों द्वारा निर्मित हथियारों पर अपना लेबल लगा रही है। गांधी ने कहा, ''मोदी केवल अडाणी को रक्षा अनुबंध देना चाहते थे।'' कांग्रेस नेता ने हरियाणा में मादक पदार्थ का मुद्दा भी उठाया और अडाणी द्वारा नियंत्रित गुजरात बंदरगाह पर कई नशीले पदार्थों की जब्ती का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि जब आपके मित्र अडाणी के मुंद्रा बंदरगाह से हजारों किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी तो आपने क्या कार्रवाई की।

# राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मां के पैर छूकर वायु सेना प्रमुख ने किया सैल्यूट

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भारतीय वायु सेना के शीर्ष पद पर अपनी यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने स्मारक पर अपनी मां पुष्पंत कौर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें सैल्यूट किया। इसके बाद वायु सेना मुख्यालय में वायु योद्धाओं ने उन्हें शानदार औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जो उनकी कमान की शुरुआत और बल के लिए एक नए अध्याय का प्रतीक था।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आज सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके उन बलिदानियों का सम्मान किया, जो उनके नेतृत्व को प्रेरित करते हैं। उन्होंने एक दिन पहले 30 सितंबर को वायु सेना प्रमुख का पदभार संभाला है। उन्होंने चार्ज संभालने के बाद वायु सेना कमांडरों से वर्तमान अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति पर ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि भारतीय वायु सेना परिचालन में सक्षम, सदैव सतर्क और विश्वसनीय निवारक बनी रहे। वायु सेनाध्यक्ष ने सभी वायु योद्धाओं से महान सेवा की परंपराओं का पालन करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि हम सब मिलकर गौरव के साथ आसमान को छूएं। वायु सेना प्रमुख का पद संभालने से पहले वह वायु सेना के उप प्रमुख थे।

एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को भारतीय वायु सेना की कमान संभालने पर हार्दिक बधाई दी। जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को 28वें वायु सेना प्रमुख के रूप में भारतीय वायु सेना की कमान संभालने पर बधाई दी। एचएएल ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को वायु सेना प्रमुख का पदभार संभालने पर बधाई दी। अपने चार दशकों के करियर के दौरान सीएएस ने मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में एयर डिफेंस कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर के रूप में स्टाफ नियुक्तियां की हैं। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम) और अतिविशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) से सम्मानित किया जा चुका है।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह दिसंबर, 1984 में लड़ाकू विमान में शामिल होने वाले प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं और उनका चार दशकों का शानदार करियर रहा है।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक ही मामले के अलग अलग उल्लेख करने की परंपरा पर नाराजगी जताई

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों द्वारा उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा करते हुए कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी ''खुद की विश्वसनीयता'' को दांव पर लगाता है।कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''तीन अलग-अलग वकील लाइए और देखिएज्न्यायाधीश के पलक झपकाते ही आपको आदेश मिल जाता है। यही इस न्यायालय में हो रहा है। मैं ऐसा नहीं करूंगा। क्योंकि मेरी खुद की विश्वसनीयता दांव पर है।''

दिन की कार्यवाही की शुरुआत में ये टिप्पणियां की गईं, जब एक वकील ने तत्काल सूचीबद्ध कराने के लिए खनन पट्टे की समाप्ति से जुड़े एक मामले का उल्लेख किया।

## उपराष्ट्रपति ने राजश्री बिड़ला को लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार प्रदान किया

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में आदित्य बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास केंद्र की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला को 25वां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राजश्री बिड़ला पिछले तीन दशकों से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न रूपों में मानवता की सेवा कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का नाम सुनते ही देशभक्ति की याद आ जाती है। शास्त्री जी जनसेवा की परिभाषा देते हैं। वे आत्म-बलिदान के प्रतीक थे। शास्त्री जी ने आचरण और व्यवहार की मिसाल कायम की, उपदेशों की नहीं। कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं, जिन्हें किसी इवेंट मैनेजमेंट या सिस्टमेटिक एक्टिंग की जरूरत नहीं होती। वे हमारी यादों में बसे रहते हैं। वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं, हमें प्रेरित करते हैं। जब हम भुखमरी के संकट से जूझ रहे थे, तब पूरा देश उनके साथ खड़ा था। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आह्वान करके लोगों की भागीदारी को बढ़ावा दिया। उनका आह्वान महज आह्वान नहीं था, बल्कि तत्कालीन परिदृश्य से उपजा था, अकल्पनीय आयाम का खतरा था। कल्पना कीजिए कि उन्होंने किस परिदृश्य में कार्यभार संभाला होगा। वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जो इसे संभाल सकते थे! उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम इवेंट मैनेजमेंट के ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां व्यक्ति को ऐसे मापदंडों के आधार पर सम्मानित किया जाता है।

## कोलकाता की अदालत को टीएमसी नेता घोष की जमानत याचिका पर शीघ्रता से निर्णय करने का आदेश

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर (वेब वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कोलकाता की एक विशेष अदालत को तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष की जमानत याचिका पर शीघ्रता से निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को कथित पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)**

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051 महा.
**पंजीकृत कार्यालय :** मेघ टावर्स, तीसरी मंजिल, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनमल्ली हाई रोड मदुरावॉयल, चेन्नई - 600095 तमिलनाडु

**अचल संपत्ति के लिए कब्ज़ा नोटिस [ ( परिशिष्ट IV ) नियम 8( 1 ) ]**

**जबकि** अधोहस्ताक्षरी **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड) का प्राधिकृत अधिकारी है, जो एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है [राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ पंजीकृत (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली)] (इसके बाद इसे ''एसएमएचएफसी'' के रूप में जाना जाता है) वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित दिनांकित डिमांड नोटिस में आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लेखित नाम) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लेखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से **60 दिनों** के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर **कब्ज़ा कर लिया** है। अधिनियम की धारा 13 की धारा (4) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ी जाए। ऊपर उल्लेखित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लेखित राशि और उस पर ब्याज के लिए ''**एसएमएचएफसी**'' के शुल्क के अधीन होगा।

| क्र. सं. | उधारकर्ता( ओं )/गारंटर( ओं ) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण ( अचल संपत्ति ) | मांग सूचना दिनांक एवं मूल्य | भौतिक कब्ज़ा की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **लैन:** - **605339510791968** **1. राजू कालू राम,** पुत्र कालू राम, **2. ममता मोहन लाल** | सभी टुकड़ा और पार्सल संपत्ति धारक संपत्ति पट्टा संख्या 43, ग्राम रूंगडी, तहसील खिंवाड़ा एवं जिला. -पाली, (राज.) पर स्थित है, माप:- 1787.75 वर्ग फीट। हमारे अंतर्गत चार कोने: **पूर्व:** मनोहर सिंह का घर, **पश्चिम:** परबत सिंह का घर, **उत्तर:** श्याम सिंह, सुखदेव सिंह का घर, **दक्षिण:** सड़क, दरवाजा | **29.09.2023** **रु. 10,14,977/-** (दस लाख चौदह हज़ार नौ सौ सतहत्तर रूपये मात्र) | **30.09.2024** |

एसडी/-
**स्थान: पाली , राजस्थान** **प्राधिकृत अधिकारी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**दिनांक: 30.09.2024** (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)

ICICI Home Finance
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
**शाखा कार्यालय:** पहली मंजिल, 294, मेहर प्लाजा, प्लॉट नंबर 1,2,15 और 16, वीर दुर्गादास नगर, पाली, राजस्थान- 306401

**निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) के साथ नियम 9 (1) के साथ पढ़ा जाए।
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लेखित गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामी विफल रही। अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को 36,000,000 रुपये की राशि में खरीदने की पेशकश के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है। इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरणों के अनुसार निजी संधि के माध्यम से ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा;

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम ऋण खाता संख्या | सुरक्षित का विवरण ज्ञात के साथ संपत्ति रुकावटें, यदि कोई हो | असाधारण मात्रा | आरक्षित मूल्य / अग्रिम जमा धन | सिंपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | नीलामी की तारीख समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी अवस्था |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) | (एच) | (आई) |
| 1. | रमेश चंद गुलेछा (उधारकर्ता) मंजू देवी गुलेछा (सह-उधारकर्ता) शुभम गुलेछा (सह-उधारकर्ता 2) रमेश चंद गुलेछा हफ (सह-उधारकर्ता 3) मंजू देवी गुलेछा (गारंटर) ऋण खाता संख्या LHPLI00001249888 और LHPLI00001260498 और NHPLI00001249884 | मकान नंबर 55, आदर्श नगर, अंबेडकर सर्कल के पास पाली, जिला- पाली, मारवाड़, राजस्थान-306401 | रु. 9,50,01,826/- 27 सितंबर, 2024 | रु. 3,60,00,000/- / रु. 36,00,000/- | 11 अक्टूबर 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न | 22 अक्टूबर 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न | 21 अक्टूबर 2024 04:00 बजे से पहले | भौतिक कब्ज़ा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://assets.matexauctions.com) पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। (डीडी) (कॉलम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय का पता 21 अक्टूबर 2024 को शाम 04:00 बजे या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। संभावित बोलीदाताओं को इसकी एक हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तें फॉर्म, शाखा कार्यालय का पता 21 अक्टूबर, 2024 को शाम 05:00 बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'' के पक्ष में पाली में देय होना चाहिए।
आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर उल्लिखित इच्छुक खरीदार द्वारा दी जा रही राशि से अधिक की बोली जमा करें। इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि आईसीआईसीआई एचएफसी द्वारा उपरोक्त इच्छुक खरीदार द्वारा दी जा रही राशि से अधिक की कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो गिरवी रखी गई संपत्ति उक्त इच्छुक खरीदार को नियम 8(8) आर/डब्ल्यू नियम9(1) के अनुसार बेची जाएगी। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002, बिक्री या बोली जमा करने के निरीक्षण, नियमों और शर्तों के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com/ पर जाएं।
**दिनांक: 02 अक्टूबर, 2024** **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**स्थान: पाली** **CIN Number:- U65922MH1999PLC120106**

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लॉट नं. 28,विवेकानन्द कॉलोनी पूर्व की तरफ, सिरोही बाई-पास सिरोही से मुद्रित व प्रवीण कुमार डुलानी का मकान, आर्दश कॉलोनी चर्च के पीछे, सुमेरपुर जिला-पाली से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com